संपादकीय

देश में 13 नये अरबपति

अरबपतियों की संख्या के मामले में अब भारत तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट के मुताबिक देश में 284 अरबपति हैं। इस साल इसमें देश में 13 नये अरबपति शामिल हुए। रिपोर्ट के अनुसार देश के 284 अरबपतियों की कुल संपत्ति 10 फीसद बढक़र 98 लाख करोड़ रुपये या देश की जीडीपी यानी सकल घरेलू उत्पाद का एक-तिहाई हो गई है। भारत ने प्रत्येक अरबपति की औसत संपत्ति के मामले में चीन को पीछे छोड़ दिया।

बीते साल 175 अरबपतियों की संपत्ति में वृद्धि हुई है, जबकि 109 की कुल नेटवर्थ में कमी आई या वह स्थिर है। गौतम अडाणी की संपत्ति में वैश्विक स्तर पर सबसे अधिक इजाफा हुआ, जो तकरीबन एक लाख करोड़ रुपये बताई जा रही है। मुंबई में सबसे अधिक 90 अरबपति हैं। इनमें भी शीर्ष दस में पांच अरबपति देश के अरबपतियों की राजधानी यानी मुंबई से हैं। दो राजधानी दिल्ली से व बेंगलूर, पुणो व अहमदाबाद से एक-एक हैं।

पूंजीपतियों की औसत दौलत 34,514 करोड़ रुपये व उम्र 68 साल आंकी गई है। सूची में 22 महिलाओं के नाम भी शामिल हैं। हालांकि अमेरिका की तुलना में भारत व चीन काफी पीछे हैं। जहां 870 अरबपति हैं। देश में अरबपतियों की दौलत सालाना 10 फीसद बढ़ी, जबकि अमेरिका में यह बढ़त 27 फीसद रही। दुनिया में कुल 3,442 अरबपति हैं। वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं के शीर्ष पर पहुंचने व पारिवारिक कारोबार में तेजी आने का अप्रत्यक्ष लाभ कुछ हद तक सबसे पिछली कतार में बैठे वर्ग तक पहुंचने की भी उम्मीद की जाती है। ये कारोबार फार्मास्यूटिकल्स, एजूकेशन, टेकनॉलाजी, फूड डिलीवरी आदि में विशेष तौर पर कारगर हैं।

जाहिरा तौर पर इन सबमें आम आदमी को रोजगार के अवसर बढ़ते ही जाने की संभावनाओं से मना नहीं किया जा सकता। हालांकि धन विभाजन तथा मुनाफाखोरी के दृष्टिकोण से इसकी आलोचना की जानी भी गलत नहीं है। क्योंकि अरबपतियों के बढ़ते जाने के बावजूद दुनिया से गरीबी, भुखमरी और बेरोजगारी पर लगाम कसने के जमीनी स्तर के प्रयास नाममात्र हुए हैं।

संयुक्त तौर पर एक ट्रिलियन डॉलर वाले सभी भारतीय अरबपतियों का दायित्व है कि वे अपने मुनाफे को बांटने के मार्ग प्रशस्त करने में उदारता दिखाएं ताकि इस संपन्नता से समूचा देश लाभान्वित हो सके।

भारतीय रेलवे की कोच मैन्युफैक्चरिंग में वित्त वर्ष 25 में हुई 9 प्रतिशत की बढ़ोतरी

नई दिल्ली

भारतीय रेलवे ने वित्त वर्ष 25 में 7,134 कोच मैन्युफैक्चर किए हैं। इसमें सालाना आधार पर 9 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वित्त वर्ष 24 में भारतीय रेलवे ने 6,541 कोच मैन्युफैक्चर किए थे।

पिछले वित्त वर्ष में गैर-एसी कोचों पर विशेष जोर दिया गया और आम आदमी की जरूरतों को पूरा करने के लिए 4,601 कोच मैन्युफैक्चर किए गए।

रेल मंत्रालय के अनुसार, वार्षिक औसत कोच मैन्युफैक्चरिंग 2004-14 में 3,300 से बढक़र 2014-24 में 5,481 हो गई है और पिछले दशक में कुल 54,809 कोच की मैन्युफैक्चरिंग हुई है।

यह वृद्धि बढ़ती यात्री मांग को पूरा करने के लिए रेलवे बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण पर भारत के बढ़ते जोर को दर्शाती है।

देश में भारतीय रेलवे की तीन कोच मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स हैं, जिसमें चेन्नई, तमिलनाडु में इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (आईसीएफ), कपूरथला, पंजाब में रेल कोच फैक्ट्री (आरसीएफ) और रायबरेली, उत्तर प्रदेश में मॉडर्न कोच फैक्ट्री (एमसीएफ) शामिल हैं।

मंत्रालय के अनुसार, चेन्नई स्थित भारतीय रेलवे की प्रमुख यात्री कोच मैन्युफैक्चरिंग यूनिट इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (आईसीएफ) ने वर्ष 2024-25 में अपने पिछले उत्पादन रिकॉर्ड को पार कर लिया है और इसने 3,007 कोच तैयार किए हैं।

भारत में कोच मैन्युफैक्चरिंग में पिछले कुछ वर्षों में काफी वृद्धि हुई है। 2004 से 2014 के बीच भारतीय रेलवे ने प्रति वर्ष औसतन 3,300 से भी कम कोच बनाए थे।

मंत्रालय ने कहा कि 2014 से 2024 के बीच रेलवे की कोच मैन्युफैक्चरिंग में बड़ी बढ़त देखी गई और इस दौरान कुल 54,809 या प्रति वर्ष औसतन 5,481 कोच की मैन्युफैक्चरिंग हुई। यह बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करने और आत्मनिर्भर बनने के रेलवे के प्रयास के अनुरूप है।

कोच मैन्युफैक्चरिंग में वृद्धि घरेलू उत्पादन क्षमताओं को बढ़ाने, आयात पर निर्भरता कम करने और रेलवे डिजाइन में एडवांस टेक्नोलॉजी को एकीकृत करने के व्यापक प्रयास का हिस्सा है। सरकार के अनुसार, अधिक कोचों की मैन्युफैक्चरिंग किए जाने से यात्रियों को बेहतर सुविधाएं और बढ़ती हुई मांग को आसानी से बढ़ी हुई क्षमता के साथ पूरा किया जा सकता है।

इसके अतिरिक्त, यह उपलब्धि 'मेक इन इंडिया पहल' को मजबूत करती है, जिससे रेलवे मैन्युफैक्चरिंग में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में भारत की स्थिति मजबूत होती है।

जनता को सरकार ने दी राहत, पीपीएफ अकाउंट में अब फ्री में चेंज करवाएं नॉमिनी का नाम

मुंबई

पब्लिक प्रोविडेंट फंड अकाउंट में नॉमिनी को अपडेट या बदलना अब बिल्कुल फ्री होगा। इसके लिए खाताधारकों को कोई चार्ज नहीं देना पड़ेगा। यह जानकारी खुद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए दी है। दरअसल कई वित्तीय संस्थान नॉमिनी अपडेट करने के लिए फीस ले रहे थे, लेकिन अब नियमों में बदलाव करके इसे पूरी तरह हटा दिया गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ड्ग पर पोस्ट कर कहा, हाल ही में मुझे बताया गया कि वित्तीय संस्थाओं द्वारा क्कक्कस्न खातों में नामांकित व्यक्ति के विवरण को अपडेट/संशोधित करने के लिए शुल्क लगाया जा रहा है।

अब सरकारी बचत संवर्धन सामान्य नियम 2018 में गजट अधिसूचना 02/4/25 के माध्यम से आवश्यक परिवर्तन किए गए हैं, ताकि क्कक्कस्न खातों के लिए नामांकित व्यक्ति के अपडेट पर कोई भी शुल्क हटाया जा सके। पुराने नियम के अनुसार बैंक खातों और क्कक्कस्न में केवल एक व्यक्ति को ही नॉमिनी बनाया जा सकता था। नए कानून के लागू होने के बाद अकाउंट होल्डर अब एक बैंक अकाउंट के लिए 4 नॉमिनी ऐड कर सकते हैं। यह बदलाव अनक्लेम्ड अमाउंट को सही उत्तराधिकारी तक पहुंचाने के लिए किया गया है। मार्च 2024 तक बैंकों में लगभग 78,000 करोड़ रुपए की ऐसी राशि है, जिस पर कोई दावा नहीं किया गया है।

आईपीएल में आज लखनऊ और मुंबई की भिड़ंत

लखनऊ

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 16वें मैच में आज लखनऊ सुपर जायंट्स और मुंबई इंडियंस की टीमें आमने-सामने होंगी. दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला शाम 7:30 बजे से भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेई इकाना क्रिकेट स्टेडियम, लखनऊ में खेला जाएगा. दोनों टीमों ने इस सीजन में अभी तक 3-3 मैच खेले है और सिर्फ 1-1 मैच जीता है. प्वाइंट्स टेबल में मुंबई और लखनऊ की टीमें क्रमश: छठे और 7वें स्थान पर काबिज हैं.

लखनऊ सुपर जायंट्स के सामने आज अपने होम ग्राउंड पर 5 बार की आईपीएल चैंपियन मुंबई इंडियंस की चुनौती होगी. ऋषभ पंत की कमान वाली लखनऊ को दिल्ली और पंजाब से हार मिली है. वहीं, सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ उसने 5 विकेट से धमाकेदार जीत दर्ज की थी. लखनऊ की कमजोरी उसकी गेंदबाजी यूनिट है, क्योंकि कए तेज गेंदबाज चोट से जूझ रहे है. हालांकि, तेज गेंदबाज आकाश दीप फिट होकर टीम से जुड़ गए हैं, जो आज के मैच में खेलते हुए नजर आ सकते हैं.

ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन ने एआई को लेकर 'भारत' की तारीफों के पुल बांधे

नई दिल्ली

ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन ने हाल ही में भारत की तारीफ करते हुए कहा कि क्रिएटिविटी और एआई अपनाने के मामले में भारत दुनिया से आगे निकल रहा है।

उनकी टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब कंपनी के लेटेस्ट 4ओ इमेज जेनरेशन टूल की मांग तेजी से बढ़ रही है, जो स्टूडियो घिबली-स्टाइल के एनिमेशन बनाता है।

इस फीचर को पिछले सप्ताह चैटजीपीटी के लिए प्रोडक्ट अपडेट के तहत लाया गया है।

ओपनएआई के सीईओ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारत में एआई अपनाने को लेकर जो हो रहा है, वह देखना आश्चर्यजनक है। उन्होंने कहा, हमें क्रिएटिविटी का एक्सप्लोजन देखना बेहद पसंद है और भारत दुनिया से आगे निकल रहा है। भारत के एआई को लेकर इस उत्साह की तारीफ करने के साथ ही ऑल्टमैन ने खुद का एक क्रिकेट थीम- बेस्ड पोर्ट्रेट इंडियन क्रिकेट प्लेयर के रूप में पेश किया, जिसे एआई ने जनरेट किया था। इस पोर्ट्रेट के लिए उन्होंने प्रॉम्प्ट भी शेयर किया, पोर्ट्रेट के लिए ऑल्टमैन का प्रॉम्प्ट 'सैम ऑल्टमैन एज अ क्रिकेट प्लेयर इन एनिमे स्टाइल' था।

ऑल्टमैन ने घिबली यूजर्स को इस फीचर के दूसरे वर्जन के बारे में भी बताया, जिसके लिए उन्हें लगता है कि लोग तैयार नहीं हैं।

इस बीच, ऑल्टमैन ने बताया कि चैटजीपीटी को लेकर यूजर्स की भारी मांग देखने को मिल रही है, जो कि घिबली-स्टाइल एआई आर्ट ट्रेंड के इंटरनेट पर तेजी से वायरल होने की वजह से है।

ऑल्टमैन ने बताया कि क्षमता चुनौती की वजह से ओपनएआई की ओर से अपकमिंग रिलीज को लेकर देरी हो रही है।

उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, हम स्थिति को अपने नियंत्रण में करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन ओपनएआई द्वारा अपकमिंग रिलीज को लेकर कुछ देर होगी। कुछ सर्विस स्लो भी होंगी, ऐसा क्षमता चुनौती की वजह से हो रहा है। इस बीच, सैम ऑल्टमैन की भारत को लेकर की गई इस पोस्ट को लेकर आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने ओपनएआई के सीईओ को अमरावती आने का निमंत्रण दिया है। वे चाहते हैं कि ऑल्टमैन राज्य में विजिट करें और एआई-ड्रिवन एडवांसमेंट को लेकर राज्य के अवसरों पर अपना दृष्टिकोण साझा करें।

75 लाख के खिलाड़ी ने आईपीएल के लिए कैंसिल किया अपना हनीमून, अब डेब्यू मैच में रचा इतिहास

कोलकाता

कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ आईपीएल मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को 80 रनों से करारी हार का सामना करना पड़ा. लेकिन, अपने आईपीएल डेब्यू मैच में सनराइजर्स के हरफनमौला खिलाड़ी कामिंदु मेंडिस ने इतिहास रच दिया. वह आईपीएल इतिहास में एक ही ओवर में दोनों हाथों से गेंदबाजी करने वाले और विकेट हासिल करने वाले पहले गेंदबाज बन गए. केकेआर की पारी के 13वें ओवर में कामिंदु मेंडिस ने 3 गेंद लेफ्ट आर्म स्पिन फेंकी. वहीं, 3 गेंद राइट आर्म ऑफ स्पिन फेंकी. इस ओवर की चौथी गेंद पर उन्होंने अंगकृष रघुवंशी को हर्षल पटेल के हाथों कैच आउट कराकर अपना पहला विकेट लिया. इसके साथ ही वह आईपीएल के इतिहास में विकेट लेने वाले पहले उभयलिंगी (लेफ्ट और राइट दोनों हाथों से गेंदबाजी) गेंदबाज भी बन गए. कामिंदु मेंडिस एक प्रतिभाशाली युवा श्रीलंकाई क्रिकेटर हैं, जो न केवल अपने हरफनमौला खेल के लिए जाने जाते हैं, बल्कि एक दुर्लभ और उल्लेखनीय कौशल - उभयलिंगी गेंदबाजी भी करते हैं.

मेंडिस ने घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों क्रिकेट में प्रभावित किया है. वह चल रहे आईपीएल 2025 में सनराइजर्स हैदराबाद का हिस्सा हैं.

30 सितंबर, 1998 को श्रीलंका के गॉल में जन्मे कामिंदु मेंडिस ने रिचमंड कॉलेज में पढ़ाई की. कॉलेज से ही उनका क्रिकेट का सफर शुरू हुआ. कम उम्र से ही वह दुर्लभ दोनों हाथों से गेंदबाजी करने लगे थे.

कामिंदु ने 2015 में लिस्ट ए में डेब्यू किया और शानदार खेल दिखाया. फिर 2018 में उन्होंने श्रीलंका की अंडर-19 विश्व कप टीम की कप्तानी की और उसी साल इंग्लैंड के खिलाफ अपना अंतर्राष्ट्रीय टी20ढ्ढ डेब्यू किया. इसके बाद 2019 में उनका वनडे डेब्यू हुआ और 2022 में उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू किया.

आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी में, कामिंदु मेंडिस को सनराइजर्स हैदराबाद ने 75 लाख रुपये में खरीदा था. फ्रैंचाइज को बल्ले और गेंद दोनों से उनकी बहुमुखी प्रतिभा को प्रभावित किया. वह दाएं हाथ की ऑफ स्पिन और बाएं हाथ की ऑर्थोडॉक्स लेग स्पिन दोनों तरह की गेंदबाजी कर बल्लेबाजों को परेशान कर सकते हैं.

कामिंदु मेंडिस ने सनराइजर्स हैदराबाद कैंप में शामिल होने के लिए मार्च 2025 में अपने हनीमून के प्लान को कैंसिल कर दिया था. मेंडिस ने श्रीलंका में लंबे समय तक डेटिंग के बाद अपनी गर्लफ्रेंड निशनी से शादी की थी. शादी के बाद, कपल ने अपने देश में ही हापुटाले में एक छोटे हनीमून का आनंद लिया. लेकिन, आईपीएल 2025 में सनराइजर्स हैदराबाद के कैंप से जुड़ने के लिए उन्होंने हनीमून के लिए बाहर जाने के अपने फैसले को टाल दिया.

सनराइजर्स पर भारी पड़े नाइटराइडर्स, लगातार 5वीं जीत के साथ बनाया बड़ा रिकॉर्ड

❑ आईपीएल 2025

नई दिल्ली

आईपीएल 2025 में गुरुवार को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) को 80 रनों से हरा दिया। सनराइजर्स पर केकेआर की यह लगातार पांचवीं जीत है। पिछले सीजन (2024) के फाइनल मुकाबले में भी केकेआर के हाथों सनराइजर्स हैदराबाद को हार का सामना करना पड़ा था। आईपीएल के इतिहास में सनराइजर्स का प्रदर्शन केकेआर के सामने फीका ही रहा है।

गुरुवार को ईडन गार्डन में सनराइजर्स हैदराबाद की टीम का साधारण सा प्रदर्शन इसका सटीक उदाहरण है। केकेआर ने हैदराबाद के सामने 80 रन की जीत के साथ दिल्ली कैपिटल्स के एक रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। आईपीएल के इतिहास में केकेआर दिल्ली कैपिटल्स के बाद दूसरी ऐसी टीम बन गई है जिसने सनराइजर्स हैदराबाद पर लगातार पांचवीं जीत हासिल की है। इससे पहले दिल्ली कैपिटल्स ने 2020-23 के दौरान सनराइजर्स हैदराबाद पर लगातार पांच जीत हासिल की थी। केकेआर ने 2023-25 के दौरान लगातार पांच जीत हासिल की है। 2018 में सीएसके ने हैदराबाद को चार बार लगातार हराया था। वहीं, 2020-21 के दौरान केकेआर ने हैदराबाद पर लगातार चार बार जीत दर्ज की थी।

यह सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आईपीएल में केकेआर की 20वीं जीत थी। इसके साथ ही नाइट राइडर्स आईपीएल के इतिहास में पहली ऐसी टीम भी बन गए हैं जिन्होंने विपक्षी तीन टीमों को 20 या उससे अधिक बार हराया है। केकेआर ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद को 20 बार हराया है। वहीं, पंजाब किंग्स को केकेआर ने 21 बार आईपीएल के इतिहास में मात दी है।

हालांकि, इस लिस्ट में मुंबई इंडियंस सबसे आगे हैं। पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस ने केकेआर को आईपीएल के इतिहास में अब तक 24 बार हराया है।

आईपीएल 2025 सीजन की अंक तालिका की बात करें तो सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मिली शानदार जीत के बाद केकेआर प्वाइंट टेबल में 10वें स्थान से छलांग लगाकर सीधे 5वें स्थान पर पहुंच गई है। केकेआर के पास 4 मैचों में दो जीत और दो हार के साथ चार अंक हैं।

आज का राशिफल

मेष: आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आज सफलता मिलने से थकान दूर हो जाएगी। आज आपकी कार्यशैली से लोग प्रभावित होंगे। आज प्रॉपर्टी संबंधी कार्य संपन्न होंगे। इसके साथ घर में भी आध्यात्मिक और सकारात्मक वातावरण बना रहेगा।

वृष: आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज आत्मविश्वास और अच्छे मनोबल के कारण आप बड़ी उपलब्धि प्राप्त करेंगे। आप अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रयासरत रहेंगे। आज घर में संबंधियों के आगमन से खुशनुमा माहौल भी बना रहेगा।

मिथुन: आज आपका दिन व्यस्तता से भरा रहेगा। आज अत्यधिक जिम्मेदारियां रहेंगी परंतु आप उचित व्यवस्था बनाकर सबका हल निकाल लेंगे। आज संतान पक्ष से शुभ समाचार मिलने के योग बने हुए है।

कर्क: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। अनुभवी लोगों से मेल-मिलाप तथा नई जानकारियां हासिल होंगी। आज क्रोध के कारण परिस्थितियां और अधिक बिगड़ सकती हैं, किसी भी मामले का शांतिपूर्ण तरीके से समाधान निकालने का प्रयास करें।

सिंह: आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज कई तरह के गतिविधियों में आपका रुझान रहेगा। आज आप ध्यान रखें कि नकारात्मक परिस्थिति बने तो धैर्य और शांति रखना ही उचित है।

कन्या: आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज कार्यप्रणाली बेहतर होगी तथा किसी काम में सफलता मिलने से उत्साह बढ़ेगा। जिससे दिन भर की भाग-दौड़ भूल जाएंगे।

तुला: आज नए कार्यों को करने में आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। आज व्यवसाय में बहुत अधिक फोकस रहना जरूरी है। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। किसी प्रतियोगी परीक्षा का परिणाम आपके पक्ष में आयेगा।

वृश्चिक: आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज सकारात्मक गतिविधियों में खुद को व्यस्त रखेंगे। आज अपने गुस्से को कंट्रोल में रखें तथा फिजूलखर्चे पर भी नियंत्रण रखें।

धनु: आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। आज कुछ नई उपलब्धियां आपका इंतजार कर रही हैं। इस बेहतरीन समय का उचित सदुपयोग करें । आज महत्वपूर्ण तथा उच्च पद पर आसीन व्यक्तियों के साथ आपका समयबीतेगा।

मकर: आज आपकी कई योजनाएँ समय से पूरी हो जायेंगी। आज बड़े बुजुर्गों के मार्गदर्शन से आप रुका हुआ काम पूरा कर लेंगे। आज व्यर्थ के खर्चे पर नियंत्रण रखें। छात्रों को आज अच्छी ख़बर मिलने के योग बने हुए है।

कुंभ: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वला है। आज आप कुछ बड़ा और अलग काम करने की सोच सकते है। आज का दिन परिवार के साथ हर्षोल्लास में बीतेगा। आज आप अनुभवी लोगों के मार्गदर्शन पर जरूर अमल करें, निश्चित ही आपको सफलता मिलेगी।

मीन: आज आपके अधूरे कार्य पूरे हो जायेंगे। आज आप बच्चों से मित्रवत व्यवहार रखें तथा उनकी समस्याओं को सुने और सुलझाएं। आज व्यवसाय में रोज की अपेक्षा अच्छा लाभ होगा। आज कैश के लेन-देन में सावधानी बरतें।

टीजर ने मचाया धमाका, अब 7 को रिलीज होगा इमरान हाशमी की फिल्म ग्राउंड जीरो का ट्रेलर

एक्सेल एंटरटेनमेंट अपनी अपकमिंग एक्शन थ्रिलर 'ग्राउंड जीरो' के साथ एक बेहतरीन बहादुरी और जज़्बे की कहानी लेकर आ रहा है. फिल्म में इमरान हाशमी बीएसएफ डिप्टी कमांडेंट नरेंद्र नाथ दुबे के दमदार किरदार में नजर आएंगे, जिन्होंने एक गुप्त मिशन को अंजाम दिया था, जिसने इतिहास की दिशा बदल दी. 2015 में इस मिशन को बीएसएफ के पिछले 50 सालों में सबसे बेहतरीन मिशन के रूप में सम्मानित किया गया था. फिल्म का जबरदस्त टीजर पहले ही धमाल मचा रहा है और अब मेकर्स एक और बड़ा धमाका करने के लिए तैयार हैं. जल्द ही मच अवेटेड ट्रेलर रिलीज किया जाएगा, जो दर्शकों की एक्साइटमेंट को डबल कर देगा.

रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'ग्राउंड जीरो' का मच अवेटेड ट्रेलर 7 अप्रैल 2025 को एक ग्रैंड इवेंट में लॉन्च किया जाएगा. इस खास मौके पर इमरान हाशमी, साई ताम्हणकर, प्रोड्यूसर रितेश सिधवानी, डायरेक्टर तेजस देओस्कर और जोया अख्तर मौजूद रहेंगे. फिल्म में शानदार स्टारकास्ट भी शामिल है, जिसमें साई ताम्हणकर, जोया हुसैन, मुकेश तिवारी, दीपक परमेश, ललित प्रभाकर, रॉकी रैना और राहुल वोहरा अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे.

2001 में हुए भारतीय संसद हमले की पृष्ठभूमि पर बनी यह फिल्म बीएसएफ डिप्टी कमांडेंट नरेंद्र नाथ दुबे और उनकी टीम की कहानी दिखाएगी, जो इस हमले के मास्टरमाइंड गाजी बाबा का पर्दाफाश करते हैं. ट्रेलर में एक जबरदस्त थ्रिलर झलक मिलेगी, जो दर्शकों को इस सच्ची घटना से जुड़ी रोमांचक कहानी का अहसास कराएगी.

काला जादू और खौफ से भरा छोरी 2 का भूतिया ट्रेलर रिलीज, चीख-चिल्लाहट खड़े कर देगी रोंगटे

नुसरत भरूचा और सोहा अली खान स्टारर हॉरर सुपरनैचुरल ड्रामा फिल्म छोरी 2 का ट्रेलर रिलीज हो गया है. छोरी 2 का भूतिया ट्रेलर रोंगटे खड़े कर देने वाला है. छोरी 2 का निर्देशन विशाल फुरिया ने किया है. नुसरत के किरदार का नाम साक्षी है और सोहा अली खान डरावने किरदार में दर्शकों का पसीना छुड़ाएंगी. एबंडेंशिया एंटरटेनमेंट बैनर तले फिल्म 11 अप्रैल को अमेजन प्राइम वीडियो पर देखने को मिलेगी.

छोरी 2 का ट्रेलर दर्शकों को डरावनी दुनिया की सैर करा रहा है. ट्रेलर का एक पंच डायलॉग राजा ने छोरा चाहिए था ने समाज के कड़वे सच को सामने लाकर रख दिया है. छोरी 2 एक अंधविश्वास और काला जादू-टोना पर बेस्ड है. इसकी कहानी में एक मां अपने बच्चे को बचाने के लिए जद्दोजहद करती नजर आएंगी. ट्रेलर के कुछ सीन दर्शकों के रोंगटे खड़े करने वाले हैं.

पंचायत के चौथे सीजन का ऐलान, लौट रही फुलेरा गांव की मंडली, रिलीज तारीख से भी उठ गया पर्दा

ओटीटी का सबसे फेमस वेब सीरीज पंचायत आज 5 साल की हो गई है. इस शो का प्रीमियर 3 अप्रैल, 2020 को प्राइम वीडियो पर हुआ था. इस सीरीज के अब तक 3 सीजन आ चुके हैं. मेकर्स ने चौथे सीजन का बेसब्री से इंतजार कर रहे फैंस को गुड न्यूज दिया है. मेकर्स ने शो की 5वीं एनिवर्सरी पर आधिकारिक तौर पर रिलीज की तारीख का एलान कर दिया है. पंचायत सीजन 4 का प्रीमियर इसी साल होगा. पंचायच के मेकर्स ने चौथे सीजन की रिलीज की तारीख का एलान किया. मेकर्स ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर साथ निभाना साथिया फेम एक्ट्रेस जिया मानेक, जितेंद्र कुमार और अन्य कलाकारों के साथ का एक प्रोमो साझा किया, जिसमें सीजन 4 की रिलीज डेट के बारे में जानकारी दी गई है.

वीडियो में, साथ निभाना साथिया में गोपी बहू का किरदार निभाने के लिए मशहूर एक्ट्रेस जिया मानेक किताबें धोती नजर आईं, और फिर मजाक में कहा कि पंचायत ने सोशल मीडिया पर सभी मीम्स का श्रेय ले लिया है. वह मीम, एक-एक चाय हो जाए पर चर्चा करते हुए कहती है, यह सिर्फ एक वाक्य है.

इसके बाद जितेंद्र कुमार ने कहा, इंटरनेट को एक दूरदर्शी मीम चाहिए जो हिंदी, इंग्लिश सबमें वायरल हो सके. सबको समझ में आ सके. वायरल होने के पीछे मत भागो, मोमेंट बनाओ. उन्होंने आगे कहा, अब पंचायत को 5 साल होने आ रहा है. आप खुद को पांच साल बाद कहां देखते हैं?

इसके बाद उन्होंने खुलासा किया कि पंचायत का नया सीजन इसी साल आ रहा है. इसके बाद जिया ने पूछा, अगर यह इस साल आ रहा है, तो क्या हम टैंक पर बैठकर ग्रीन टी पी सकते हैं? हालांकि, जितेंद्र बिना कोई जवाब दिए वहां से चले जाते हैं. मेकर्स ने वीडियो के अंत में खुलासा किया कि शो 2 जुलाई को अमेजन प्राइम वीडियो पर प्रीमियर होने वाला है.

शब्द सामर्थ्य- 08

बाएं से दाएं

1. संघर्ष, दौड़धूप (उर्दू.) 5. सुपुत्र, लायक पुत्र 7. ताकतवर, बलशाली 9. खुशबू, सुरभि, सुगंध 10. अकारण, व्यर्थ, बेवजह 12. गर्म तेल आदि में खाद्य वस्तु छोड़कर पकाना 13. यात्रा 15. मृत, जो मर गया हो 16. छोटे कद का, वामन, बौना 18. सांप का सिर, गुण, कला, कौशल 20. निरुत्तर, बेमिसाल 23. गोल हरे दानों वाला एक प्रसिद्ध पौधा, या इस पौधे की फली 24.माता, जननी 25. संतान, औलाद 26. अधीन, अधीनस्थ, कर्मचारी 27. चिड़िया, खग तरफदार।

ऊपर से नीचे

1.पानी में डूबा हुआ, जल प्लावित 2. पाकेटमार, जेब काटने वाला 3. समाधान, खेत जोतने का यंत्र 4. औषधालय 6. युक्ति, उपाय 8. गीला, तर, भीगा हुआ 11. झटके से मुंह से आवाज के साथ हवा बाहर आना, बलगम आदि का बाहर आना 14. तुरंत, झटपट 15. स्त्री, नारी, अबला 17. एक और एक चौथाई 19. आदमखोर 21. दुनिया, संसार, जग 22. वर्ष की छ: ऋतुओं में एक ऋतु जिसमें मौसम सुहावना रहता है 23. बुद्धि, दिमाग।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 007 का हल

पी	चि	दं	ब	र	म			स
ट		भ	ला	ई		अ	स	म
ना	म			स	मा	धि		झ
	ज		बे		न	का	र	ना
बा	बू		आ	य	क	र		
	र	की	ब				प्र	था
ज			रू	प	क		ज	न
हा		पा		ना	म	ची	न	
ज	हां	प	ना	ह		ता	न	ना

सू-दोकू- 08

	2		6		8		3	
9		8		3		4		
							5	
5		2			7		6	
	8		4			1		3
				9				
8			9				1	
	5			1		6		2
		1	7				4	

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.007 का हल

2	6	3	8	1	4	9	7	5
9	5	4	2	6	7	3	1	8
8	7	1	9	3	5		6	2
6	2	7	5	4	8	4	3	9
3	9	8	6	7	1	2	5	4
4	1	5	3	2	9	6	8	7
5	3	2	4	8	6	7	9	1
1	8	6	7	9	2	5	4	3
7	4	9	1	5	3	8	2	6